# इटावा पुलिस

## सराहनीय कार्य

**#CRACKDOWN**

**दिनांक 23.08.2026**

- **हत्या का प्रयास करने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से 01 अवैध तमन्चा 315 बोर, 02 जिन्दा एवं 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा श्री अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर सुश्री आयुषी सिंह के नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

वादिनी सुनीता पत्नी राजेश निवासी ग्राम कोठी कैस्त, थाना जसवंतनगर, जनपद इटावा द्वारा थाना जसवन्तनगर पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 22.08.2026 को अभिषेक उर्फ बंजारा पुत्र अशोक एवं सुमित उर्फ लाखा पुत्र अशोक, निवासीगण ग्राम कोठी कैस्त, थाना जसवंतनगर, जनपद इटावा द्वारा वादिनी के पुत्र शिवम उर्फ शेखू को गोली मारकर घायल कर दिया गया एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। तहरीर के आधार पर थाना जसवंतनगर पर **मु0अ0सं0 241/2026 धारा 109(1)/351(3)/ 352 बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत तलाश एवं कॉम्बिंग की जा रही थी। इसी दौरान कचौरा बाईपास रेलवे ओवरब्रिज के पास से नहर पुल की ओर झाड़ियों में छिपे अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी, जिसमें अभियुक्त अभिषेक उर्फ बंजारा पुत्र अशोक के दाहिनें पैर में गोली लगी जिसे घायल अवस्था में 01 अवैध तमन्चा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 01 खोखा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया।

**नोटः-** अभियुक्त सुमित उर्फ लाखा अंधेरे का लाभ उठाकर भागने मे सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें निरन्तर प्रयासरत है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जसवंतनगर पर **मु0अ0सं0 242/2026 धारा 109(1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) एवं धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अभिषेक उर्फ बंजारा पुत्र अशोक, निवासी ग्राम कोठी कैस्त, थाना जसवंतनगर, जनपद इटावा, उम्र करीब 25 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग:-**

1. मु0अ0सं0 241/2026 धारा 352/351(3)/109(1) बीएनएस थाना जसवंतनगर, जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 242/2026 धारा 109(1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) एवं धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर, जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहास:-**

**अभियुक्त अभिषेक उर्फ बंजारा पुत्र अशोक**

1. मु0अ0सं0 66/2023 धारा 307/411 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बसरेहर जनपद इटावा ।

2. मु0अ0सं0 476/2021 धारा 147/323/504/506 भादवि0 थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

3. मु0अ0सं0 92/2022 धारा 186/336/427/452/504/506 भादवि0 व 3 सम्पत्ति निवारण अधिनियम थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

4. मु0अ0सं0 108/2022 धारा 398/401 भादवि0 थाना जसवंतनगर जनपद इटावा ।

5. मु0अ0सं0 321/2022 धारा 147/323/427/447/452/504/506 भादवि0 थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

6. मु0अ0सं0 167/2024 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

7. मु0अ0सं0 112/2024 धारा 323/452/504/506 भादवि0 थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

8. मु0अ0सं0 169/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 20/8बी ndps एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

9. मु0अ0सं0 39/2025 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

10. मु0अ0सं0 221/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

11. मु0अ0सं0 88/2026 धारा 190/191(2)/191(3)/115(2)/125/352/351(3)/109(1) बीएनएस व 7 CLA एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा ।

12. मु0अ0सं0 241/2026 धारा 109(1)/ 351(3)/352 बीएनएस थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

13. मु0अ0सं0 242/2026 धारा 109(1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) एवं धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

**बरामदगी:-**

1. 01 अवैध तमन्चा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीमः-** थानाध्यक्ष श्री कमल भाटी, उ0नि0 हेमन्त कुमार, उ0नि0 ललित किशोर चतुर्वेदी, उ0नि0 शुभम वर्मा, का0 आर्य चिकारा, का0 सुशील कुमार, का0 अवनीश कुमार, का0 धर्मेन्द्र, का0 प्रदीप कुमार एवं का0 रवीश कुमार।



